PRINT

# अमर उजाला (Amar Ujala)

| NationalNews Paper | Edition : Delhi | Circulation:136382 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 3.7.2026 | पृष्ठ सं. (Page No.) 5 | क्रम सं. (Serial No.) 01 |


## मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर तमंचा कारतूस बरामद, आरोपी हिरासत में

अमर उजाला ब्यूरो

**सीआईएसएफ की सतर्कता से टला खतरा, नियमित जांच के दौरान हथियार का पता चला**

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने बृहस्पतिवार को मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर एक आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद किए।

आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है। नियमित जांच के दौरान स्क्रीनिंग में हथियार को सुरक्षा बलों ने पकड़ा है। प्रारंभिक जांच में उसके किसी भी अपराध में लिप्त होने का पता नहीं चला है। तमंचा क्यों लेकर आया इस बारे में पुलिस पता कर रही है। सीआरपीएफ जवानों ने सुबह करीब 10:11 बजे स्क्रीनिंग के दौरान तमंचा और कारतूस ले जा रहे व्यक्ति को पकड़ा।

पकड़ा गया यात्री उत्तर प्रदेश का निवासी है। सीआईएसएफ ने उसे हिरासत में लेकर दिल्ली मेट्रो रेल पुलिस सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और यात्री व हथियार को कब्जे में ले लिया। सीआईएसएफ ने बताया कि इस कार्रवाई से मेट्रो नेटवर्क में हथियार ले जाने की कोशिश नाकाम हो गई।